हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 6 जनवरी 2026



04 मकान का छज्जा गिरा, तीन बच्चे बाल बाल बचे...





07 संगठन की विचारधारा को घर-घर तक पहुंचाना ...







## हत्या का खुलासा: कॉलोनी में लगे सीसीटीवी कैमरों में रिकॉर्ड हुई थी घटना

# नंदू की हत्या में शामिल 11 आरोपी गिरफ्तार पुलिस ने जुलूस निकाला तो मुंह छिपाते रहे



हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

दो दिन पहले इंद्रप्रस्थ कॉलोनी में शुभम नंदू चौबे की चाकुओं से गोदकर हत्या के मामले में पुलिस ने 40 घंटे में खुलासा कर दिया। सोमवार को पुलिस ने 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें दो नाबालिग हैं। पुलिस ने सोमवार को जब आरोपियों का जुलूस निकाला तो वह मुंह छिपाते नजर आए।

हत्या की यह वारदात कॉलोनी में लगे सीसीटीवी कैमरों में रिकॉर्ड हुई थी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी के लिए एसपी रोहित काशवानी ने सिविल लाइन, कोतवाली, करारिया थाना और पुलिस लाइन की संयुक्त टीमें गठित कीं। सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने कई स्थानों पर छापे मारे। पुलिस जब आरोपियों को घटनास्थल पर ले गई तो मृतक नंदू के परिजन और शुभचिंतक वहां जमा हो गए। उन्होंने आरोपियों के साथ मारपीट करने का प्रयास किया और पुलिस से उन्हें सौंपने की मांग की।

हालांकि पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करते हुए आरोपियों को वहां से सुरक्षित हटा लिया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपियों का सिविल लाइन क्षेत्र में जुलूस भी निकाला। इस दौरान आरोपी 'अपराध करना पाप है और पुलिस हमारी बाप है' कहते हुए ढोंग करते चले जा रहे थे। एसपी रोहित काशवानी ने बताया कि आरोपी विक्की, दुर्गेश लोधी, अजय राज, शैलेंद्र लोधी, रुद्राक्ष श्रीवास्तव, अरुण राठौर, साहिल गौड़, विक्की यादव, अजय उर्फ चुन्नी मालवीय और आकाश को गिरफ्तार किया है। एसपी काशवानी का कहना है कि मामले में आगे की जांच जारी है और कानून के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं आरोपियों को गिरफ्तार करने पर पुलिस की टीमों को पुरस्कृत करने की बात एसपी ने कही है। पुलिस ने आरोपियों से पांच चाकू ओर पांच बाइक जब्त की हैं। नंदू की हत्या की वारदात को अंजाम देने के लिए इन चाकुओं और बाइक का उपयोग किया गया था। पॉश कॉलोनी में इस तरह की वारदात से लोग दहशत में आ गए थे।

### आरोपियों से पांच चाकू और इतनी ही बाइकें जब्त की गईं



शुभम नंदू चौबे मृतक

विदिशा। नंदू की हत्या के आरोपियों का पुलिस ने जुलूस निकाला तो मुंह छिपाने लगे।

> आरोपियों को घटना स्थल पर ले गई पुलिस तो परिजनों ने कहा हमें सौंप दो।

## झुग्गियों में पहुंचे सीएमओ, कहा- सर्दी तेज है रैन बसेरों में ठहर जाएं

### चौक-चौराहों पर अलाव जलाने के निर्देश दिए गए

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

ठंड ने शहर को कंपा दिया है। पिछले 2 दिनों से इतना घना कोहरा छा रहा है कि सुबह के समय 20 फीट बाद कुछ दिखाई ही नहीं दिया। इतनी तेज सर्दी में कई लोग झुग्गियों में रह रहे हैं।

सोमवार को नपा सीएमओ दुर्गेश सिंह ठाकुर ने झुग्गी-झोपड़ियों का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां रहने वाले लोगों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और उन्हें सर्दी से बचाव के लिए नगरपालिका द्वारा संचालित रैन बसेरों में ठहरने की सलाह दी। सीएमओ ठाकुर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कोई भी जरूरतमंद खुले में रात न बिताए और सभी को रैन बसेरों तक पहुंचाया जाए। नगरपालिका द्वारा संचालित रैन बसेरा में 30 पलंग उपलब्ध हैं, जिनमें वर्तमान में लोगों के ठहरने की व्यवस्था है।



### चौक-चौराहों पर अलाव जलाने के निर्देश दिए

सीएमओ ने शहर के चौक-चौराहों पर दिन में भी अलाव जलाने के निर्देश दिए हैं। रैन बसेरा में ठंड से बचाव के लिए अलाव और हीटर की सुविधा उपलब्ध है। इसके अलावा दीनदयाल रसोई के माध्यम से भोजन की व्यवस्था भी की गई है। सीएमओ दुर्गेश ठाकुर ने बताया कि ठंड के इस मौसम में जरूरतमंदों की सुरक्षा नगरपालिका की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि लगातार निगरानी की जा रही है। व्यवस्थाओं में कमी नहीं आने देंगे।

### शीतलहर: आंगनबाड़ी केंद्रों का समय बदला

शीतलहर और गिरते तापमान को देखते हुए आंगनबाड़ी केंद्रों का समय परिवर्तन कर दिया गया है। कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देश पर जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्र 15 जनवरी तक सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक संचालित होंगे। वहीं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रतिदिन प्रातः 10 से शाम 5 बजे तक केंद्रों पर उपस्थित रहकर कार्य करेंगी। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है।

## खबर संक्षेप

### लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक आज

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक मंगलवार दोपहर 3 बजे से कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार में आयोजित की गई है। बैठक में जिलाधिकारियों को तय समय पर उपस्थित होने के निर्देश जारी किए गए हैं।

### गणतंत्र दिवस की तैयारी को लेकर बैठक आज

**विदिशा।** गणतंत्र दिवस पर मुख्यालय पर होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों के संबंध में कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में मंगलवार को बैठक होगी। यह बैठक कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार में टीएल बैठक के बाद शुरू होगी। जिसमें संबंधित विभागों के अधिकारियों को जानकारी सहित उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

### नववर्ष मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**ग्यारसपुर।** तहसील के ग्राम कोलुआ जागीर में अखिल भारतीय कोली कोरी समाज जिला शाखा विदिशा द्वारा नववर्ष मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला महामंत्री क्षमाधर शाक्य के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि मोहनी शाक्य रहीं, जबकि विशेष अतिथि के रूप में आर.डी. पंथी, विक्रम वर्मा, मूलचंद कबीरपंथी व खुमानदास पंथी मंचासीन रहे। इस दौरान कक्षा 12वीं में 80 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर कु. मनीषा शाक्य का सम्मान किया गया।

### अस्पताल की सुविधाओं में सुधार पर दिया जोर




**कुरवाई।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रोगी कल्याण समिति की साधारण सभा की बैठक विधायक हरिसिंह सप्रे की अध्यक्षता में हुई। बैठक में एसडीएम मनीष जैन सहित समिति के सदस्य उपस्थित रहे। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रमोद दीवान ने एजेंडा प्रस्तुत किया। तीमारदारों के ठहरने स्थान को अतिक्रमण मुक्त कराने का प्रस्ताव पारित हुआ। अस्पताल परिसर की दुकानों द्वारा अनुबंध शर्तों के उल्लंघन पर नोटिस, बकाया किराया वसूली और किराया वृद्धि का निर्णय लिया गया। निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई व सेवाओं पर संतोष जताते हुए व्यवस्थाएं और बेहतर करने के निर्देश दिए गए।

### 56 प्रकरणों में 88 को 53 लाख की मदद जारी


**विदिशा।** अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत राहत योजना अंतर्गत 56 प्रकरणों में 88 पीड़ितों को 53 लाख 75 हजार की आर्थिक मदद जारी की गई है। जनजातीय कार्य विभाग के जिला संयोजक सुनील मरकाम ने बताया कि जिला स्तरीय राहत अनुशंसा समिति की बैठक में लिए गए निर्णय उपरांत अनुसूचित जाति के 49 प्रकरणों में 75 पीड़ितों को कल 46 लाख 75 हजार की राशि जारी की गई है। इसी प्रकार अनुसूचित जनजाति के 7 प्रकरणों में 13 पीड़ितों को 7 लाख रुपए की मदद जारी की गई।

### सेमिनार में विद्यार्थियों को जागरुक किया

**विदिशा।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में सोमवार को महिला सुरक्षा विषय पर जागरूकता सेमिनार हुआ। मुख्य वक्ता सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास विभाग की आकांक्षा मरावी ने महिलाओं से जुड़े कानूनी प्रावधानों, वन स्टॉप सेंटर और टोल-फ्री हेल्पलाइन की जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. वनिता बाजपेई ने की।

### अवैध वाहनों के विरुद्ध परिवहन विभाग की कार्रवाई

## नियम विरुद्ध संचालित 9 वाहन पकड़े, 5 जब्त किए



**विदिशा।** सोमवार को जिला परिवहन अधिकारी गिरिजेश वर्मा ने विदिशा–भोपाल रोड पर वाहनों की चेकिंग की। इस दौरान 9 वाहन नियमों का उल्लंघन करते पाए गए, जिनके विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई। इनमें से 4 वाहनों से 1 लाख 4 हजार 700 रुपए जुर्माना वसूला गया। जबकि 5 वाहन जब्त कर लिए गए। जब्त वाहनों में एक वाहन पर लगभग 2.5 लाख मोटरयान कर बकाया पाया गया। जांच के दौरान फिटनेस, बीमा, प्रदूषण प्रमाणपत्र तथा बसों में अग्निशमन यंत्र और आकस्मिक द्वार की विशेष जांच की गई।

## वाटर फिल्टर प्लांट पहुंचे कलेक्टर सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश

> फिल्टर प्लांट के निरीक्षण के बाद कलेक्टर ने बेतवा नदी की स्थिति थी देखी।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

सोमवार को कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने वाटर फिल्टर प्लांट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पानी के शुद्धिकरण की प्रक्रिया और मशीनरी देखी। फिल्टर प्लांट के संचालन से जुड़ी जानकारी ली। इस दौरान विधायक मुकेश टंडन भी मौजूद रहे। निरीक्षण के बाद प्लांट परिसर की निगरानी एवं सुरक्षा व्यवस्था के लिए तत्काल सीसीटीवी कैमरे लगाने निर्देश दिए। इससे प्लांट संचालन में पारदर्शिता बनी रहेगी। इस दौरान नपा सीएमओ, सहायक यंत्री एवं जलप्रदाय प्रभारी मौजूद रहे। वहीं विधायक एवं कलेक्टर ने बेतवा नदी का भी अवलोकन किया।



विदिशा। अधिकारियों के साथ फिल्टर प्लांट का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर।

### देहरीपामा के जंगल हत्याकांड का खुलासा

## संदेह के आधार पर पकड़ने पहुंची पुलिस आरोपी भागने लगा, दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭लटेरी

लटेरी पुलिस ने देहरीपामा जंगल में हुई हत्या का 24 घंटे में ही खुलासा कर एक आरोपी को दबोच लिया।

घटना 3 जनवरी की है जब देहरीपामा के जंगल में एक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु की सूचना मिलने पर थाना लटेरी पुलिस मौके पर पहुंची। जहां अर्जुन बंजारा पिता बाबूलाल बंजारा उम्र 40 साल निवासी देहरीपामा का शव मिला। जिसकी पहचान उसके भाई रमेश बंजारा ने की। मुखबिर से प्राप्त सूचना के अनुसार हत्या में वीरम भील की संलिप्तता सामने आई। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ग्राम रायपुरा पहुंची। जहां संदिग्ध व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगा। घेराबंदी कर उसे पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपी वीरम सिंह भील पिता देवीसिंह भील उम्र 26 साल निवासी ग्राम रायपुरा ने हत्या करना स्वीकार किया।

> मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने आरोपी को 24 घंटे में ही गिरफ्तार कर लिया।

## पिपलधार में हिंदू सम्मेलनः परिवार के संगठन से होगा समाज मजबूत

हरिभूमि न्यूज ⏭पिपलधार

समाज को संगठित और समरस बनाने के उद्देश्य से चल रही हिंदू सम्मेलन श्रृंखला के अंतर्गत सूर्यनगर खंड के पिपलधार मंडल केंद्र पर हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया।

सम्मेलन में पिपलधार, मोतीपुरा, बींझ, इमलिया, पट्टन, गोरियाखेड़ा, भैरोंबाग, बेरखेड़ी, महुआखेड़ा, अमरपुर सहित आसपास के नागरिक शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता संत महेश्वर दास त्यागी ने की। उन्होंने सती अनुसूया के जीवन प्रसंगों का उल्लेख करते हुए भारतीय संस्कृति की महत्ता बताई। मुख्य वक्ता जिला प्रचारक विशाल सेन ने समाज को जागरूक रहने, छुआछूत समाप्त करने और पंच परिवर्तन के पालन का आह्वान किया। उन्होंने स्वदेशी अपनाने, पर्यावरण संरक्षण, जल बचाने तथा सिंगल यूज पॉलिथिन के बहिष्कार की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम का समापन भारत माता की आरती एवं सामूहिक सहभोज के साथ हुआ। जानकारी आयोजन समिति के कमल जी ने दी।

## अनुभूति कैंपः पर्यावरण संरक्षण सरकारी जिम्मेदारी नहीं, हर नागरिक का कर्तव्य

**शमशाबाद।** मप्र शासन के अनुभूति कार्यक्रम के अंतर्गत वन परिक्षेत्र शमशाबाद की बड़ी फील्ड बीट में पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में एसडीएम अजय प्रताप सिंह, तहसीलदार प्रेमलता पाल, नायब तहसीलदार दर्शनलाल नेगी, नगर परिषद सीएमओ अनिल बिदुआ, वन परिक्षेत्र अधिकारी संगीता अमलताश सहित वन विभाग का स्टाफ एवं बच्चे मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसडीएम अजय प्रताप सिंह ने कहा कि आज की पीढ़ी यदि प्रकृति से जुड़ जाएगी, तो भविष्य सुरक्षित रहेगा। पर्यावरण संरक्षण केवल सरकारी जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने बच्चों से प्लास्टिक का उपयोग कम करने, पेड़ों की रक्षा करने और प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनने का आह्वान किया। कार्यक्रम में बच्चों को पत्ते की दोना पत्तल में भोजन कराया गया तथा प्रकृति भ्रमण, पक्षी दर्शन और वन्यजीवों की जानकारी दी गई। मास्टर ट्रेनर ए.के. खरे एवं राजीव श्रीवास्तव ने बच्चों को वन और पर्यावरण संरक्षण के महत्व से अवगत कराया।



### विधायक ने अहमदपुर कस्बे में की जनसुनवाई

**अहमदपुर।** विधायक मुकेश टंडन ने अहमदपुर कस्बा में सोमवार को जनसुनवाई कर लोगों की समस्याएं सुनीं। विदिशा जिले के ऐसे किसान जो रहते तो विदिशा जिले में है लेकिन उनकी कृषि भूमि रायसेन जिले में भी है उनको खाद बीज आदि उपलब्ध होने में कठिनाई जा रही थी। विधायक ने सहकारी बैंक के सीईओ विनय सिंह को ग्राम सोंथर, अहमदपुर कस्बा एवं रंगई ग्राम के किसानों की फॉर्मर आईडी जुड़वाकर खाद उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया। वहीं अहमदपुर कस्बा में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं आयुर्वेदिक औषधालय का समय सुबह 9 से शाम 4 तक कराने निर्देश दिए हैं।

### 6 घंटे में नाबालिग को खोजकर परिजनों को सौंपा

**हैदरगढ़।** हैदरगढ़ के ग्राम जहीदगंज मडियादरोई से 4 जनवरी को नाबालिग के अपहरण की सूचना पुलिस को दी गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी रोहित काशवानी खुद मौके पर पहुंचे और निरीक्षण किया। पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में एडिशनल एसपी डॉ. प्रशांत चौबे एवं एसडीओपी बासौदा के निर्देशन में थाना हैदरगढ़ पुलिस ने विशेष टीम गठित की। तकनीकी साक्ष्य, मुखबिर तंत्र और मैदानी जांच के समन्वय से महज 6 घंटे में नाबालिग लड़की को बरामद कर परिजनों को सौंप दिया गया। इस मामले में आरोपी सौरव आदिवासी 20 वर्ष, निवासी ग्राम अमरपुर को गिरफ्तार किया गया है।

## सीआईएसटी कॉलेज में कैंपस प्लेसमेंट, 12 छात्रों का चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

अरिहंत विहार कॉलोनी स्थित सीआईएसटी कॉलेज में शनिवार को कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर देश की प्रतिष्ठित वित्तीय संस्था स्मॉल फाइनेंस बैंक ने भाग लिया और कॉलेज के विद्यार्थियों का चयन किया।

प्लेसमेंट ड्राइव में बीबीए, बीकॉम, बीए एवं बीएससी पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। चयन प्रक्रिया लिखित परीक्षा, व्यक्तिगत साक्षात्कार एवं योग्यता मूल्यांकन के विभिन्न चरणों में संपन्न हुई। कुल 45 विद्यार्थियों ने प्रक्रिया में भाग लिया, जिनमें से बीएफओ एवं सीएसओ पदों के लिए 12 विद्यार्थियों का अंतिम चयन किया गया। कॉलेज संचालक आनंद शरण तथा प्लेसमेंट सेल प्रभारी राहुल विश्वकर्मा और जितेंद्र कुमार वर्मा ने चयनित छात्रों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि सीआईएसटी कॉलेज रोजगारोन्मुख शिक्षा एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है।



### कोहरे के कारण सुबह 9 बजे तक हाईवे पर वाहनों के पहिए थमे रहे

## सर्दी का असरः 2 दिन और रहेगा कोहरे का प्रभाव इसके न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी की संभावना

> घने कोहरे के कारण वाहन चलाना मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

पिछले दो दिनों से पड़ रही सर्दी और घने कोहरे के कारण लोग ठिठुर उठे हैं। सुबह के समय कोहरा इतना घना है कि 20 फीट दूर पर चल रहे वाहन तक दिखाई नहीं देते। ऐसे में हाईवे पर वाहनों के पहिए थम गए हैं।

सोमवार सुबह से ही पूरा शहर घने कोहरे के आगोश में छिपा रहा। सुबह 9 बजे तक हाईवे पर वाहनों की आवाजाही नहीं हुई क्योंकि वाहनों की हेड लाइट जलाने के बाद भी कुछ दिखाई नहीं दे रहा था। मौसम विभाग की मानें तो अलगे दो दिन और इसी तरह से कोहरा और कड़ाके की सर्दी के साथ सर्द हवा चलेगी।

इसके बाद न्यूनतम तापमान में 2 डिग्री की बढोतरी की संभावना जताई जा रही है। सोमवार को न्यूनतम तापमान 8 डिग्री और अधिकतम तापमान 20 डिग्री दर्ज किया गया। हालांकि दोपहर बाद धूप भी निकली लेकिन सर्द हवाएं चलने के कारण लोगों को ठंड से राहत नहीं मिल सकी। सर्दी के कारण चौक चौराहों पर अलाव जल उठे हैं और लोग सर्दी से बचने के लिए गर्म कपड़ों लिपटकर दिन निकाल रहे हैं।



विदिशा। सुबह नौ बजे तक शहर में कोहरा इतना घना था कि वाहन की हेडलाइट जलाकर चलना पड़ा।




## बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2500
उच्चतम भाव-5710
सरसों
न्यूनतम भाव-4500
उच्चतम भाव-7480
चना
न्यूनतम भाव- 3000
उच्चतम भाव- 5740
मसूर
न्यूनतम भाव-5300
उच्चतम भाव-6250
ज्वार
न्यूनतम भाव-5001
उच्चतम भाव-6780
मक्का
न्यूनतम भाव-1336
उच्चतम भाव- 1670
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2500
उच्चतम भाव-3400
धान
न्यूनतम भाव-1600
उच्चतम भाव-3905
बटरी
न्यूनतम भाव-2800
उच्चतम भाव-2800
उड़द
न्यूनतम भाव-3000
उच्चतम भाव-6410
मूंग
न्यूनतम भाव-5850
उच्चतम भाव-5850
गेंहू
न्यूनतम भाव-2350
उच्चतम भाव-3160

### कृषि मंडी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में सोमवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 21944 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### युवक करंट की चपेट में आया



**त्योंदा।** सोमवार को ग्राम पिपराहा में रूपेश प्रजापति निवासी बागरोद को 11 केव्ही लाइन पर कार्य करते समय करंट लग गया। जिससे वह गंभीर रुप से झुलस गया। घायल को उपचार के लिए त्योंदा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत को देखते हुए उच्च उपचार के लिए विदिशा रेफर कर दिया गया।

# उपजेल में विधिक साक्षरता शिविर का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा




तहसील विधिक सेवा समिति के तत्वावधान में सोमवार को उपजेल में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन राघवेंद्र कुमार सोनी तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड एवं न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी के मुख्य आतिथ्य में किया गया। शिविर में न्यायाधीश ने कैदियों को संबोधित करते हुए संविधान के मूलभूत अधिकार कर्तव्यों को बताते हुए निःशुल्क विधिक सहायता के संदर्भ में अवगत कराया। विधिक साक्षरता शिविर को एडवोकेट संजीव कुमार अरोरा ने संबोधित करते हुए कैदियों को मानसिक रूप से बीमार और मानसिक रूप से विकलांग व्यक्तियों के लिये विधिक सेवाएं, स्वच्छता के महत्व, नालसा हेल्प लाइन नंबर 15100 के संदर्भ में अवगत कराया। शिविर को संबोधित करते हुए सहायक अधीक्षक आलोक भार्गव द्वारा पैरोल के संदर्भ में अवगत कराया गया। इस अवसर पर सुनील राजपूत, सौरभ कुशवाह, प्रमुख प्रहरी शिवकरण साकेत, प्रहरी मोंटू जाट, रामराज सिंह, राजा भैया सहित समस्त जेल स्टॉफ एवं कैदी उपस्थित रहे। विधिक शिविर का संचालन एडवोकेट संजीव कुमार अरोरा ने किया।

## नागरिकों ने नपा व प्रशासन से की जर्जर मकानों की जांच की मांग

# मकान का छज्जा गिरा, तीन बच्चे बाल बाल बचे, बड़ा हादसा टला

### नगर के वार्ड 13 में बड़ा हादसा धटित होने से बचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर के वार्ड नंबर 13 स्थित चक्र स्वरूप नगर की गली में सोमवार को दोपहर के समय एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। जब एक मकान का छज्जा अचानक भर भराकर नीचे सड़क पर आ गिरा। संयोगवश, ठीक उसी स्थान से कुछ ही क्षण पहले तीन छोटे-छोटे बच्चे गुजर चुके थे। बच्चों के निकलते ही पलभर में छज्जा जमीन पर गिर गया, जिससे वे उसकी चपेट में आने से बाल-बाल बच गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घटना दोपहर 1 बजे के समय हुई, जब गली में आमतौर पर काफी चहल-पहल रहती है। इस गली में बच्चे दिनभर खेलते रहते हैं और आवागमन भी अत्यधिक रहता है।



गंजबासौदा। गली में गिरा छज्जे का मलबा

गली में खाटू श्याम मंदिर, हनुमान मंदिर, शिव मंदिर और देवी मंदिर स्थित होने के कारण श्रद्धालुओं का लगातार आना-जाना लगा रहता है। ऐसे में इस व्यस्त मार्ग पर छज्जा गिरना एक बड़े खतरे का संकेत माना जा रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि जैसे ही तेज आवाज के साथ छज्जा नीचे गिरा, पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आसपास के घरों से लोग बाहर निकल आए और जहां से आवाज आई थी उस ओर दौड़े। सड़क पर गिरे मलबे को देखकर जब यह स्पष्ट हुआ कि चपेट में कोई नहीं आया है तब जाकर लोगों ने राहत की सांस ली।

मोहल्लेवासियों का कहना है कि यदि छज्जा कुछ सेकेंड पहले गिर जाता तो एक अत्यंत दर्दनाक हादसा घटित हो सकता था। इसे सभी ने ईश्वरी कृपा बताया। जानकारी के अनुसार, घटना के समय मकान मालिक परिवार सहित घर से बाहर थे, जबकि किराएदार मकान में मौजूद थे। छज्जा गिरने के दौरान से कोई हादसा घटित नहीं हुआ। जिससे किसी को नुकसान नहीं हुआ, छज्जा गिरने से सड़क पर मलबा फैल गया तथा कुछ समय आवागमन प्रभावित रहा। घटना के बाद स्थानीय लोगों में पुराने और जर्जर मकानों को लेकर चिंता गहराने लगी। लोगों ने नगर पालिका और प्रशासन से मांग की है कि शहर में ऐसे पुराने जर्जर भवनों की शीघ्र जांच कराई जाए और कमजोर छज्जों व ढांचों की समय रहते मरम्मत कराई जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। हालांकि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ, लेकिन व्यस्त गली में दोपहर के समय हुई यह घटना प्रशासन और मकान मालिकों के लिए एक गंभीर चेतावनी बनकर सामने आई है।



गंजबासौदा। भर भराकर गली में गिरा पुराना छज्जा

## ग्राम हतोड़ा में हिंदू सम्मेलन आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

समीपस्थ ग्राम हतोड़ा में मंगलवार को सकल हिंदू समाज के तत्वावधान में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। सम्मेलन का आयोजन खेड़ापति मंदिर परिसर में होगा। आयोजन को लेकर हथोड़ा सहित आसपास के गांवों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। सम्मेलन में गंज हनुमान मंदिर के महंत संत महेश्वर दास त्यागी महाराज मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहेंगे। वह अपने उद्बोधन में सनातन धर्म की मूल परंपराओं, हिंदू समाज की एकता, सांस्कृतिक चेतना और सामाजिक समरसता पर अपने विचार रखेंगे। आयोजकों के अनुसार सम्मेलन से पूर्व दोपहर 11 बजे शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो विभिन्न गांवों से प्रारंभ होकर दोपहर 12 बजे हतोड़ा पहुंचेगी। शोभायात्रा में हतोड़ा, रबरवाई, राऊखेड़ी, भडेरू, सिरावदा, कंजना, विस्कावली, जुगआई चक्क, बुचाखेड़ी, ड्रीम सिटी, विजय नगर और पलोड़ नगर सहित आसपास के क्षेत्रों के श्रद्धालु शामिल होंगे। दोपहर 12 से 2 बजे तक काव्य पाठ एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसमें कवि और कलाकार धर्म, संस्कृति और राष्ट्रबोध से जुड़ी रचनाओं की प्रस्तुति देंगे। आयोजकों का कहना है कि कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं और समाज में वैचारिक जागरण करना है। काव्य पाठ के पश्चात महंत महेश्वर दास त्यागी का उद्बोधन होगा। इसके बाद समरसता भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सभी वर्गों के श्रद्धालु एक साथ बैठकर प्रसादी ग्रहण करेंगे। सकल हिंदू समाज ने क्षेत्र के सभी सनातनियों से अधिक से अधिक संख्या में सम्मेलन में शामिल होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

## यातायात पुलिस ने चलाया अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सोमवार को यातायात निरीक्षक निरपत सिंह लोधी के नेतृत्व में यातायात पुलिस द्वारा नवीन कृषि उपज मंडी में जाकर ट्रैक्टर चालकों को यातायात संबंधी समझाइश दी गई एवं ट्रालियों में रेडियम की पट्टियां लगाई गई एवं बुलेट गाड़ियों के मोडिफाई साइलेंसर जब्त कर चालानी कार्रवाई की गई। जिसमें 8 वाहनों पर जुर्माना करते हुए 2600 रुपए शमन शुल्क वसूला गया। यातायात निरीक्षक ने बताया कि अभियान के दौरान ऐसे दो पहिया वाहन चालकों को रोका गया जो तीन सवारी बैठाए हुए थे, हेलमेट नहीं लगाए हुए थे, दो पहिया वाहन की नंबर प्लेट टूटी हुई थीं या लगी नहीं हुई थीं। ऐसे वाहनों को रोककर चालक का ड्रायविंग लायसेंस, वाहन के आवश्यक दस्तावेज देखे गए एवं वाहन चालकों को समझाइश दी गई कि यातायात नियमों का पालन करें, हेलमेट लगाकर दो पहिया वाहन चलाएं, शराब पीकर वाहन न चलाएं, नाबालिगों को वाहन न चलाने दें, तेज गति से वाहन न चलाने आदि की समझाईश दी गई।

## रघुवंशी समाज की बैठक कल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

रघुवंशी समाज की एकता संगठन और भविष्य की दिशा तय करने के उद्देश्य से नगर एवं आसपास के ग्रामीण अंचलों में निवासरत समाजजनों की बैठक बुधवार को दोपहर 1 बजे से बरेठ रोड स्थित रघुवंशी धर्मशाला में संपन्न होगी। समाज के वरिष्ठजनों ने बताया कि यह बैठक केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि समाज के वर्तमान और आने वाले समय को लेकर गंभीर चिंतन का मंच होगी। शिक्षा, सामाजिक समरसता, युवाओं की भूमिका, आपसी सहयोग और संगठन को मजबूत करने जैसे विषयों पर खुलकर विचार-विमर्श किया जाएगा। चर्चा के उपरांत समाजहित में आवश्यक और दूरगामी निर्णय लिए जाएंगे। बैठक में समाज के अनुभवी मार्गदर्शक एवं वरिष्ठ समाजजन उपस्थित रहेंगे, जो अपने अनुभव और विचारों से नई पीढ़ी को दिशा देंगे। समाज के युवाओं से भी विशेष रूप से आह्वान किया गया है कि वे सक्रिय सहभागिता निभाएं और समाज निर्माण की इस प्रक्रिया में अपनी भूमिका तय करें। आयोजकों ने समाज के सभी स्वजातीय बंधुओं से आग्रह किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर बैठक को सफल बनाएं।

## त्योंदा में हिंदू सम्मेलन आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ त्योंदा




त्योंदा मंडल स्थित मठ मंदिर परिसर में सोमवार को हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में वैचारिक मार्गदर्शन, राष्ट्र सेवा का संदेश, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और विशाल भंडारे ने पूरे वातावरण को धर्म, संस्कृति और राष्ट्रभाव से सराबोर कर दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, मातृशक्ति, युवा एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। सम्मेलन में वक्तओं ने पंच परिवर्तन का आह्वान करते हुए संस्कार और राष्ट्रभक्ति पर जोर दिया।

सम्मेलन में पधारे विद्वानों एवं वक्ताओं ने समाज को सनातन मूल्यों से जोड़ते हुए राष्ट्रनिर्माण का मार्ग प्रशस्त किया। कार्यक्रम के संरक्षक जगदीश महाराज श्री प्रियकुंज धाम ने सनातन धर्म और भारतीय संस्कृति को विश्व की श्रेष्ठ परंपरा बताते हुए इसके संरक्षण और संवर्धन का संदेश दिया। मुख्य वक्ता सुरेंद्र सिंह सह-प्रांत प्रचारक, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मध्यभारत प्रांत ने शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में 'पंच परिवर्तन' सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी और नागरिक कर्तव्य पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने स्वदेशी सामान, स्वभाषा, भजन, भोजन और भूषा को अपनाने का आह्वान किया। जयश्री रघुवंशी राष्ट्र सेविका समिति, जिला संपर्क प्रमुख ने "देश हमें देता है सब कुछ" की भावना के साथ राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर श्रीराम अहिरवार विशेष रूप से उपस्थित रहे। सम्मेलन में आयोजित काव्य पाठ और सांस्कृतिक कार्यक्रम विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। हास्य, ओज और भक्ति रस के कवि नीलेश चतुर्वेदी, मोहित भार्गव, राखी यादव, शुभम दुबे, प्रगति यादव एवं कालू पेंटर ने अपनी सशक्त रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत नृत्य और नाट्य प्रस्तुतियों को भी खूब सराहना मिली। नन्हें बालकों ने "कीजो केसरी के लाल" तथा वरिष्ठ छात्राओं ने "योद्धा बन गई मैं" वीर रस गीत पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। स्वामी विवेकानंद के जीवन और आदर्शों पर आधारित नाटक ने भारतीय संस्कृति के गौरव को उजागर किया, वहीं वृद्धाश्रम विषयक नाटक ने बुजुर्गों के सम्मान और पारिवारिक मूल्यों का भावुक संदेश दिया।

सम्मेलन में कार्यक्रम के समापन पर आयोजित विशाल भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। सम्मेलन का संचालन और आभार आशीष दुबे ने किया। संपूर्ण कार्यक्रम का प्रभावी संचालन वेदांश वेदांत कुलम ने किया। समापन अवसर पर आयोजकों ने पधारे अतिथियों, कवियों एवं सकल हिंदू समाज के प्रति आभार व्यक्त किया।

## भागवत कथा के महत्व को समझाया



**गंजबासौदा।** प्रथम दिवस की कथा में पंडित सुनील शास्त्री ने बताया कि भक्ति कथा आत्म देव कथा भागवत का महत्व जीवन का सार क्या करने से क्या होता है, सभी जीवों पर दया रखना ही भागवत भगवान की कथा है। भगवान की कथा सुनने से एवं कराने से संसार के बंधन से मुक्ति मिलती है। मुख्य यजमान चंकी सेन सहित नगर के ऋषभ शर्मा, सत्यम मिश्रा, सुनील विश्वकर्मा, महेश विश्वकर्मा, राधेश्याम विश्वकर्मा, विक्की सेन, राजू विश्वकर्मा, शैलेंद्र कुशवाहा, जितेंद्र विश्वकर्मा, गोलू विश्वकर्मा सहित मातृशक्ति ने भागवत कथा का रसपान किया।

## तीसरे दिन भी सर्दी, कोहरा से जनजीवन हुआ प्रभावित



**गंजबासौदा।** सोमवार को तीसरे दिन भी दिन भर कोहरे के साथ ठण्डी हवाएं चलती रहीं जिससे बचने के लिए लोग गर्म कपड़े, अलाव का सहारा लेते रहे। विगत तीन दिनों से इलाके भर में घना कोहरा छा रहा है। कोहरे के कारण जनजीवन दिन भर प्रभावित रहा। जिसके चलते यातायात और रेल सेवाएं खासी प्रभावित रहीं। ट्रेनें बिलंब से आईं और विजिबिलिटी इतनी कम थी कि वाहन चालकों को अपनी गाड़ियों की हेडलाइट जलाकर चलना पड़ा। इससे सड़कों पर वाहनों की गति धीमी हो गई और आवाजाही में परेशानी हुई। सर्दी एवं कोहरे के चलते कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने जिले के सभी शासकीय, अशासकीय विद्यालयों में नर्सरी से कक्षा 5 वी तक की कक्षाओं में सोमवार एवं मंगलवार का अवकाश घोषित कर दिया गया है।

## जयंती व पुण्यतिथि मनाईं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शहर वाचनालय पाठक संघ द्वारा महापुरुषों को याद कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर स्वर्गीय नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान के अध्यक्ष सुनील बाबू पिंगले ने महान कवि गोपाल दास नीरज क़े योगदान एवम सिंधु ताई सपकाल जिन्होंने सैकड़ों बच्चों को पाला एवं महान वैज्ञानिक आइजेक न्यूटन और संगीतकार आरडी बर्मन एवं कवि और स्वतंत्रता सेनानी मोहम्मद अली जोहर के बारे में जानकारी दी एवं देश क़े लिए उनके बलिदान को प्रेरणादायक बतलाते हुए उनके सिद्धांतों एवं नीतियों को अपने आचरण में उतारने की आवश्यकता पर जोर दिया और उनके जीवन से युवाओं को प्रेरणा लेने की अपील की। इस अवसर पर डॉ. अशोक रोहिले, विजय अरोरा ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में नामदेव समाज के कैलाश नामदेव ने पाठक संघ द्वारा आयोजित कार्यक्रम की सराहना की। कार्यक्रम के अंत में आभार पाठक संघ के प्रभारी सतीश शिल्पकार ने व्यक्त किया। इस अवसर पर कर फुटकर व्यापार संघ के अध्यक्ष नरेंद्र जैन, घनश्याम चौरसिया, डॉ. अंशुल रोहले, नंदकिशोर सोनी, मोहन सैनी, पंडित सौरभ शर्मा, राधव पिंगले, कैलाश नेमा, सतीश सेन आदि पाठकगण उपस्थित थे।

### खिदमत सप्ताह अंतर्गत मुस्लिम राष्ट्रीय मंच का कार्यक्रम संपन्न

# 'बाहर से हम अलग हैं लेकिन भीतर से एक थे, एक रहेंगे'



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मुस्लिम राष्ट्रीय मंच स्थापना दिवस के अंतर्गत पूरे राष्ट्र में खिदमत सप्ताह के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। इसी अभियान के तहत प्रतिभावान बच्चों को शैक्षणिक सामग्री वितरण की गई तथा महान संत परमहंस योगानंद की जयंती पर उन्हें याद किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता गौ सेवा प्रकोष्ठ राष्ट्रीय सह संयोजक सैयद शफाकत हुसैन कादरी ने कहा अनेकता मे एकता भारत की विशेषता है, हम लोग बाहर से भले अलग अलग दिखते हों लेकिन हम भीतर से एक थे एक हैं और एक रहेंगे। राष्ट्रीय पहचान, संस्कृति हम सबकी साझा है। अखंड भारत में रहने वाले हम सबका डीएनए एक ही है। किसी बाहरी आक्रमण या संकट के समय ही नही बल्कि हर समय समाज मे प्रेम भाई चारा सद्भाव जरूरी है । ऋषिराज लोधी, चाँदनी पंथी ने परमहंस योगानंद के बारे में बताया उनकी जयंती केवल एक महान संत के जन्मदिवस का स्मरण नहीं है, बल्कि यह आत्मबोध, योग, ध्यान और मानवता के सार्वभौमिक कल्याण के संदेश को पुनः जीवंत करने का अवसर है। 5 जनवरी 1893 को उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में जन्मे परमहंस योगानंद ने भारत की प्राचीन योग परंपरा को पश्चिम तक पहुँचाकर आध्यात्मिक इतिहास की दिशा ही बदल दी। कार्यक्रम को समाजसेवी लक्ष्मी पंथी, मालती देवी, गुडडी बाई, राम कली बाई ने भी संबोधित किया तथा बच्चों को शैक्षणिक सामग्री वितरित कर विभिन्न पर्व त्यौहारों पर मंच द्वारा सामाजिक समरसता के कार्यक्रम आयोजित किए जाने पर मंच के अखिल भारतीय मार्गदर्शक इंद्रेश कुमार राष्ट्रीय कार्य कारिणी सदस्य राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को साधुवाद दिया। राधिका देवी ने राष्ट्र प्रगति का मूल आधार, एकता और अखंडता को बताया एवं व्यक्ति को स्वस्थ दीर्घ आयु के लिऐ योग, सूर्य नमस्कार ,प्राणायाम ,योगाभ्यास को नियमित दिनचर्या में शामिल करने की बात कही। जिन प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित किया गया, उनमे प्रियंका लोधी, भावना लोधी, परी लोधी, ललिता लोधी, कशिश विश्वकर्मा, प्रियांशी सेन, यश पंथी, अंश लोधी, अंशुल पंथी, दीपेश लोधी, चित्रांश लोधी, निशिता शामिल हैं। इस दौरान विद्यार्थी एवं विद्यालयीन स्टॉफ मौजूद रहा।

## गली में कीचड़ व गड्ढों से रहवासी परेशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

स्वरुप नगर पंचायत के रहवासी लंबे समय से जर्जर हाल सड़क में उभरे बड़े बड़े गड्ढों और खाली प्लाटों, गलियों में भरे दूषित पानी से खासे परेशान हैं। इस समस्या के निराकरण के लिए वह कई बार अधिकारियों को अवगत करा चुके हैं और 181 पर शिकायत कर चुके हैं, लेकिन उनकी समस्या का निराकरण नहीं हो पा रहा है। गली में बस बोल्डर डालकर छोड़ दिया गया है। पूर्व में रहवासियों ने जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी को एक शिकायती आवेदन दिया था। जिसमें कहा गया है कि मुख्य गली में पानी भरे होने से रास्ता बंद हो गया। जिससे यहां के रहवासियों को आने जाने में खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। गली में नाली का निर्माण न होने से पानी सड़क पर फैल रहा है, जिससे सड़क पर बड़े बड़े गड्ढे हो गए हैं, नालियों का पानी खाली प्लाटों में भरा हुआ है। जिसके कारण मच्छर, मक्खी सहित अनेक जीव जंतु पनप रहे हैं। सौंपे गए शिकायती आवेदन में ग्रामीणों ने शीघ्र नाली का निर्माण और सड़क को दुरुस्त किए जाने की मांग की है।

## खबर संक्षेप

### पं संजय मेहता का लोकमाता अहिल्या समागम ज्ञान सम्मान से होंगे सम्मानित



**सिरोंज।** थियेटर और सिनेमा में थियेटर से पहला इश्क आध्यात्म की ओर मुडे और सिनेमा के बडें पर्दे पर मध्यप्रदेश का नाम रोशन करने पर वरिष्ठ रंगकर्मी एंव सिद्ध आश्रम के वरिष्ठ मंहत पं संजय मेहता को लोकमाता अहिल्या समागम ज्ञान सम्मान 2024-25 से सम्मानित किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम 15 जनवरी 2026 को भोपाल के दुश्यंत पंडूलिपी सगमनायल शिवाजी नगर में किया जाएगा। इस अवसर पर कार्य्रक्रम में मुख्य रूप से समागम व्याख्यान माला में पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त भारत के ओपी रावत, विचारक एंव पूर्व आईपीएम अनुराधा शंकर सिंह,सुप्रसिद्ध चुनाव विश्लेशक गिरजाशंकर, संपादक हेमन्त शर्मा की उपस्थिति पं संजय मेहता को सम्मानित किया जाएगा। वहीं विगत माह पूर्व रिलीज हुई फिल्प धुरंधर में भी अब्दुल भुट्टावी का रोल अदा कर चुकें है।

## समीक्षा से कार्यों को आगे और अच्छा करने की प्रेरणा मिलती है: श्याम तिवारी

# संगठन की विचारधारा को घर-घर तक पहुंचाना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है: गौरव रणदिवे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सागर

भाजपा की सरकारें हर वर्ग के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही हैं। कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार के कार्यों को घर-घर तक पहुँचाएं तथा "हर घर भाजपा कार्यकर्ता" के लक्ष्य के साथ संगठन को और अधिक मजबूत करें। यह बात भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं सागर संभाग प्रभारी गौरव रणदिवे ने सागर जिले के संभागीय भाजपा कार्यालय में आयोजित सागर, नरयावली, बीना एवं सुरखी विधान सभा की बैठक को संबोधित करते हुये कही । सागर एवं नरयावली विधानसभा की बैठक संयुक्त रूप से हुयी। बीना एवं सुरखी विधान सभा की बैठक पृथक रूप से आयोजित की गयी। बैठक में जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी, विधायक शैलेन्द्र कुमार जैन, विधायक प्रदीप लारिया, जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत, महापौर संगीता तिवारी, नगर



निगम अध्यक्ष वृन्दावन अहिरवार, नगर पालिका अध्यक्ष मिहीलाल अहिरवार, संभागीय कार्यालय मंत्री, डॉ. वीरेन्द्र पाठक, जिला उपाध्यक्ष रामेश्वर नामदेव, पूर्व प्रदेश मंत्री प्रभु दयाल कुशवाहा मंचासीन रहे ।

बैठक को संबोधित करते हुये प्रदेश महामंत्री एवं सागर संभाग प्रभारी गौरव रणदिवे ने संगठन के आगामी कार्यक्रमों की कार्ययोजना प्रस्तुत करते हुये कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता को बूथ, शक्ति केन्द्र, मंडल और विधानसभा स्तर पर सक्रिय रहकर कार्य करना होगा । संगठनात्मक प्रवास नियमित बैठके और जन संवाद के माध्यम से संगठन की विचारधारा को घर-घर तक पहुंचाना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने जन कल्याण व स्वशासन के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य किये है प्रभावी रूप से जनता तक पहुंचाने के लिये सभी कार्यकर्ता कार्ययोजना तैयार करें। उन्होंने कहा कि पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता सरकार और समाज के बीच सेतु की भूमिका निभाता है इसीलिये लाभार्थियों से निरंतर संवाद स्थापित कर उन्हें योजनाओं की जानकारी देना और पात्र व्यक्तियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने में सहयोग करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने संगठन में अनुशासन, समयबद्धता और आपसी समन्वय को और अधिक मजबूत करने पर विशेष बल दिया । बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी ने पिछले कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी एवं आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि जब हम सभी कार्यकर्ता जब अपने किए हुए कार्यों की स्वयं समीक्षा करते हैं तो वास्तविकता का पता चलता है। समीक्षा करने से यह भी पता चलता है कि जो सोचा था, वह हुआ कि नहीं। हर व्यक्ति को अपने कार्यों की समीक्षा करनी चाहिए। समीक्षा व स्वयं अवलोकन से कार्यों को आगे और अच्छा करने की प्रेरणा मिलती है।

जिला मीडिया प्रभारी श्रीकांत जैन ने बताया कि दूसरे सत्र में प्रदेश महामंत्री एवं सागर संभाग प्रभारी गौरव रणदिवे ने संगठनात्मक सागर ग्रामीण जिले की रहली, देवरी, बंडा विधानसभा की क्रमशः बैठकों को संबोधित किया जिनमें बंडा विधायक वीरेन्द्र सिंह लंबरदार, देवरी विधायक बृजबिहारी पटैरिया, युवा भाजपा नेता अभिषेक गोपाल भार्गव भी शामिल हुये ।

## मुस्लिम महासभा का स्थापना दिवस मनाया

# एकता का राज चलेगा, हिंदू मुस्लिम साथ चलेगा: शोएब




**सिरोंज।** मुस्लिम महासभा के जिला अध्यक्ष मोहम्मद शोएब खान द्वारा अपनी टीम के साथ मदरसा इस्लामिया में बच्चों को नाश्ता एवं बिस्किट बाटकर बनाया गया। वही उन्होने बताया कि मुस्लिम महासभा की स्थापना 5 जनवरी 2007 को मरहूम यूनुस शेख साहब ने तालीम तंजीम तिजारत और तरक्की. के लिए मुस्लिम महासभा की स्थापना की थी। हिन्दू मुस्लिम बच्चों की पढ़ाई के लिए छोटी-छोटी बस्तियों में स्कूल खोलने जिससे गरीब बच्चे शिक्षा प्राप्त कर सकें और गरीब बच्चियों की सामूहिक तौर पर शादी करना गरीब बच्चे-बच्चियों की पढ़ाई के लिए उनकी मदद करना और सरकार की योजनाओं का उनको लाभ पहुंचाना। साथ ही बच्चों को नाश्ते उपरांत सभी लोगों द्वारा मरहूम यूनूस शेख़ साहब की तारीफ की गई और विदिशा जिले में मुस्लिम महासभा द्वारा जो काम किए जा रहा है उनकी समीक्षा की गई। वही अच्छे से अच्छे कार्य करने का संकल्प लिया गया।

## वार्ड में निर्माण कार्य कराने की मांग को लेकर पार्षद ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**सिरोंज।** नगर के वार्ड क्रमांक 01 इकरा कॉलोनी में नपा द्वारा निर्माण कार्य न कराए जाने की मांग को लेकर वार्ड पार्षद राम दयाल विश्वकर्मा ने वार्डवासी सरवर खान,इल्यास खान,बादशाह,राम चरण कुशवाह आदि के साथ विदिशा पहुचकर जिला कलेक्टर को एक ज्ञापन सौपा। वही उन्होने मांग करते हुए कहा कि इकरा कॉलोनी में पिछले 25 वर्षों से लगभग 100 परिवार निवास कर रहे हैं इन सभी निवासियों के मकानों के नामांतरण नगर पालिका की नामांतरण सूची में दर्ज है जो नपा द्वारा लिए जा रहे सभी प्रकार सभी करो का भुगतान समय पर करते आ रहे हैं। उन्होने कहा कि नपा के द्वारा पूर्व में इस कालोनी में पानी की लाइन डालकर वार्डवासियो को नल कनेक्शन दिए गए एवं स्ट्रीट लाइट भी नपा द्वारा लगवाई गई है पूर्व में भी कई रोड इस कॉलोनी में नपा द्वारा बनाए गए है। लेकिन 10 अगस्त 2022 में गठित नई परिषद की द्वितीय बैठक में इकरा कॉलोनी के सभी विकास कार्यों को कराए जाने की परिषद की बैठक में बहुमत से सहमति प्रदान की थी तब के बाद से आज तक कोई भी विकास कार्य इस कॉलोनी में नहीं किए गाएं है। नपा के संबंधित अधिकारियों से पूछने पर हमें बताया जाता है कि पूर्व जिला कलेक्टर द्वारा इस कॉलोनी में कोई निर्माण कार्य न किये जाने के संबंध में हमें पत्र लिखा है। इस कॉलोनी में निवासरत महिलाएं छोटे-छोटे बच्चे एवं खासकर बुजुर्ग लोग बरसात के दिनों में कीचड़ एवं नाली का पानी निकासी न होने की वजह से अत्यधिक परेशान रहते हैं। इस समस्या का समाधान निकालकर संबंधित नगर पालिका परिषद को कालोनी में विकास कार्य कराई जाने की अनुमति प्रदान की जाए। जिससे वार्डवासियो की समस्या का समाधान हो।

## श्री विद्या महालक्ष्मी महायज्ञ की तैयारी को लेकर हुई विशाल बैठक का आयोजन



**सिरोंज।** श्री महामाई माता मंदिर डांगवाली के जागृत दरबार में श्री विद्या महालक्ष्मी महायज्ञ की तैयारी के संबंध में क्षत्रिय बघेल राजपूत समाज की विशाल बैठक सम्पन्न हुई। इस अवसर पर बैठक में उपस्थित मंदिर के प्रधान पुजारी एवं धर्माचार्य पंडित नलिनीकांत शर्मा ने इस 121 कुंडीय विशाल महायज्ञ की व्यापक तैयारी के संबंध में उपस्थित क्षत्रिय वघेल समाज के लोगों से विचार-विमर्श कर आगामी रूपरेखा तैयार की गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाज जन उपस्थित थे। वहीं उन्होने बताया कि इस नव-दिवसीय महायज्ञ का शुभारंभ श्री महामाई माता डांगवाली के दरबार में 7 मई को जलयात्रा के साथ शुरू होगा। इस अवसर पर 8 मई को श्री देवी पूजन, अग्नि स्थापना एवं यज्ञ प्रारंभ होगा। इस नव- दिवसीय महायज्ञ की पूर्णाहूति 15 मई को होगी। इस अवसर पर बैठक में उपस्थित यज्ञाचार्य पं. नलिनीकांत शर्मा ने अपने आर्शीवचन देते हुए कहा कि श्री विद्या महालक्ष्मी महायज्ञ के करने से मनुष्य को धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष चतुष्फल प्राप्त होने के साथ ही मनवांछित फल की प्राप्ति होती है। श्री महामाई माता की प्रेरणा से मातारानी के दरबार में बहुत ही भव्य एवं दिव्य इस 121 कुंडात्मक विशाल महायज्ञ का आयोजन सम्पन्न होगा ऐसी मेरी कामना है। उन्होंने कहा कि आप सभी के घरों में कार्यस्थलों में निरंतर माता श्री महालक्ष्मी जी एवं माता अन्नपूर्णा का अक्षय भंडार भरा रहे। मातारानी आपकी मनोकामना पूर्ण कर आयु, यश व कीर्ति की वृद्धि करे। आप सभी स्वस्थ एवं सुखी रहे ऐसी मेरी कामना है। इस अवसर पर बैठक में समाज के वरिष्ठ सदस्य जीवन सिंह बघेल, सुमेरसिंह बघेल, लक्ष्मणसिंह बघेल आदि रहे मौजूद।

## वस्त्र व्यापार संघ की 11 सदस्यीय कार्यकारिणी व 4 महासंघ प्रतिनिधियों हेतु निर्वाचन प्रकिया संपन्न



**सिरोंज।** नगर के भूतेश्वर पथ स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में वस्त्र व्यापार संघ सिरोंज की 11 सदस्यीय कार्यकारिणी एवं 4 महासंघ प्रतिनिधियों हेतु निर्वाचन प्रकिया निर्वाचन अधिकारी अभिभाषक रीतेश अग्रवाल के निर्देशन में संपन्न हुई। 30 दिसम्बर को महासंघ प्रतिनिधि हेतु पांच अभ्यर्थियों अर्पित मित्तल,मुकेश कुमार गोयल,मुरारी बंसल,सुमंत मित्तल,विष्णु बाबू गर्ग ने अपने नामांकन प्रस्तुत किया एवं वस्त्र व्यापार संघ की कार्यकारिणी हेतु 16 अभ्यर्थियों में से अजीत कुमार हिमथानी,अनुपम अग्रवाल, हर्षित मंगल, हेमंत गोयल, कृष्ण गोपाल बिंदल, कृष्ण गोपाल गर्ग,नीलेश मंगल,निमिष मंगल,प्रकाश बाबू बंसल,शरद मंगल,सुलभ गर्ग,विकास गर्ग,विष्णु मंगल,पलक गर्ग,राहुल मंगल,मुरारी बंसल ने अपने नामांकन प्रस्तुत किए थें। इसके तत्पश्चात दिनांक 02 जनवरी को वस्त्र व्यापार संघ की कार्यकारिणी हेतु पलक गर्ग, राहुल मंगल, मुरारी बंसल ने अपने नामांकन पत्र वापस ले लिए जिससे वस्त्र व्यापार संघ की कार्यकारिणी हेतु 13 अभ्यर्थीयों शेष रहे। वही दिनांक 04 जनवरी को हुए मतदान में कुल 178 मतदाताओं में से 164 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिसमें से 10 मत डाक मतपत्र द्वारा प्राप्त हुए. मतगणना पश्चात महासंघ प्रतिनिधि हेतु अर्पित मित्तल को 128 मत,मुकेश कुमार गोयल को 120 मत, मुरारी बंसल को 47 मत, सुमंत मित्तल को 137 मत एवं विष्णु बाबू गर्ग को 120 मत प्राप्त हुए। इस प्रकार अर्पित मित्तल, मुकेश कुमार गोयल, सुमंत मित्तल, विष्णुबाबू गर्ग को विजयी घोषित किया गया एवं वस्त्र व्यापार संघ की कार्यकारिणी हेतु संपन्न हुए चुनाव में मतगणना पश्चात अजीत कुमार हिमथानी को 93 मत, अनुपम अग्रवाल को 91 मत प्राप्त हुए।

# जीएसटी के अधिकारी 8 गाड़ियों में पहुंचे बरेली दो ज्वेलर्स के यहां छापा

### शृंगार ज्वैलर्स, डीएलएस ज्वेलर्स के ठिकानों पर छापे कार्यवाही जारी

**24 अधिकारी, कर्मचारी कर रहे जीएसटी चोरी की जांच, खंगालने में लगे हैं दस्तावेज**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ ▸▸बरेली

सोमवार को दोपहर बाद भोपाल से आठ गाडिय़ों में आए जीएसटी के 24 अधिकारी कर्मचारियों द्वारा बड़ा बाजार स्थित शृंगार ज्वैलर्स एवं छोटा बाजार स्थित दयाराम लक्ष्मी नारायण सर्राफ डीएलएस ज्वेलर्स पर छापामार कार्रवाई की गई। अधिकारियों द्वारा जीएसटी कर चोरी को लेकर दस्तावेजों की गहन जांच परीक्षण किया जा रहा है।

इन दोनों ज्वेलर्स के यहां पूर्व में आयकर विभाग की छापामारी हो चुकी है। शृंगार ज्वैलर्स और डी एल एस ज्वेलर्स दोनों ही संस्थान अपनी निजी रिहाईसी मकान के अगले




हिस्से में शोरूम बनाकर दशकों से संचालित किये जा रहे हैं। नगर एवं क्षेत्र में इन दोनों ज्वेलर्स का बड़ा नाम और प्रतिदिन लाखों रुपए का सोने चांदी के जेवरों का व्यापार होता है।

**चल रही छानबीन -**

दोपहर में आठ वाहनों से जीएसटी अधिकारी कर्मचारी दोनों ज्वेलर्स के यहां दो टीमें बनाकर पहुंचे दोनों ज्वेलर्स के यहां बाहर से चेनल बंद कर शोरूम के भीतर अधिकारियों द्वारा जीएसटी कर चोरी से संबंधित दस्तावेजों की जांच छानबीन अनेक घंटों से की जा रही है। छानबीन पूर्ण होने पर क्या कुछ हुआ कर चोरी मिली इसका पता लग पाएगा जीएसटी कर की बड़ी गड़बडियां दोनों ज्वेलर्स के यहां मिलने की चर्चा और संभावना बनी हुई है।

## लीकेज पानी पाइप लाइन के तत्काल सुधार के लिए दो टीमें बनाई

# इंदौर की घटना से लिया सबक, नगर में लीकेज और क्षतिग्रस्त पानी पाइप लाइन का कर रहे सर्वे


हरिभूमि न्यूज ▸▸ ▸▸बरेली

पिछले दिनों इंदौर में पाइप लाइनों के दूषित जल के कारण एक दर्जन से अधिक लोगों की मौत हो जाने की दर्दनाक घटना से सबक लेते हुए नगर परिषद भी लीकेज और क्षतिग्रस्त पाइप लाइनों के सर्वे मरम्मत के लिए सक्रिय हो गई है।

नगर परिषद द्वारा जल कार्य विभाग के कर्मचारियों की दो टीमें बनाई गई हैं जिनके द्वारा लीकेज को ठीक करने पाइप लाइनों के सर्वे का कार्य किए जाने का नगर परिषद अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी और सीएमओ हरिशंकर वर्मा द्वारा निर्देश दिए हैं।

**नर्मदा जल योजना के खुले पाइप नल**

नगर में बरसों से नर्मदा जल आवर्धन योजना से पेयजल की



सप्लाई की जा रही है बगलवाडा नर्मदा तट पर इंटकबैल और फिल्टर प्लांट बना हुआ है लगभग 9 किलोमीटर दूर नर्मदा तट से पाइपलाइन डालकर नगर में पानी की सप्लाई टंकियों के माध्यम से एवं ट्यूबवेलों के द्वारा की जा रही है। नर्मदा जल योजना के अंतर्गत नगर के विभिन्न वार्डों में हिस्सों में नल कनेक्शन दिए गए हैं।

**गंदगी में पाइप लाइन**

**तत्काल होगी कार्रवाई**

नगर परिषद के द्वारा दो टीमें बनाकर लीकेज सुधारने क्षतिग्रस्त पाइप लाइनों को दुरुस्त करने सर्वे शुरू कर दिया गया है सीएमओ वर्मा ने कहा कि जहां पाइपलाइन से पानी खराब आ रहा हो सूचना मिलने पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी लीकेज इत्यादि की नगर परिषद में शिकायत आने पर तत्काल कार्य किया जाएगा।

नल कनेक्शन के पाइपों में टोंटी ना लगने से पानी बर्बाद होने का दृश्य बना रहता है स्थान स्थान पर बने लाइनों को बदलने वाले डिस्ट्रीब्यूटर गड्ढों में पानी भरा रहने लीकेज और सर्विस लाइन नालियों के गंदे पानी गंदगी के बीच से डाली गई हैं जिनकी व्यापक सुधार की आवश्यकता बनी हुई है।

## अटल जन्म शताब्दी - अभिनन्दन व सम्मान समारोह 11 जनवरी को

**सागर।** भारत रत्न से सम्मानित देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व.अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष पर मानव एवं पशु सेवा को समर्पित सेवकों व संस्थानों के अभिनन्दन व सम्मान समारोह का आयोजन अटल फाउंडेशन सागर इकाई द्वारा 11 जनवरी रविवार को दोपहर 01.30 बजे से सिविल लाइन्स स्थित वरदान सभागार से किया जायेगा। समाजवादी चिंतक रघु ठाकुर की अध्यक्षता में होने जा रहे इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सागर विधायक शैलेन्द्र कुमार जैन होंगे। इस अवसर पर अटल अलंकरण से उप राष्ट्रपति महोदय द्वारा सम्मानित पशु सेवा समिति सागर के पारंग शुक्ला का अभिनन्दन तथा मानव व पशु सेवा के क्षेत्र में कार्य कर रहीं प्रमुख संस्थाओं व सेवकों को भी सम्मानित किया जायेगा। उक्त जानकारी देते हुए अटल फाउंडेशन की जिला अध्यक्ष डॉ.चंचला दवे, एवं संभागीय सचिव डॉ. सुजाता मिश्र ने समस्त प्रबुद्ध जन से उपस्थिति का आग्रह किया है।

## भोपाल राज्य बिलीनीकरण आंदोलन में 6 जनवरी को बरेली में दो युवा हुए थे शाहिद

6 जनवरी 1949 को भोपाल नवाब की पुलिस ने किया था लाठी चार्ज, दो हुए शहीद सैकड़ो घायल और भेजे गए जेल

# आज नगर गौरव दिवस पर शहीदों के परिजनों का सम्मान, श्रद्धांजलि सभा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ ▸▸बरेली

प्रजामंडल संस्था द्वारा भोपाल राज्य के भारतीय संघ में विलय के लिए बिलीनीकरण आंदोलन चलाया गया। भोपाल रियासत को भारतीय संघ में मिलाने चले लंबे संघर्ष में पहले प्राणों की आहुति 6 जनवरी 1949 को भोपाल नवाब हमीदुल्लाह खान की पुलिस द्वारा किय लाठी चार्ज में जुगराज सोनी एवं रामप्रसाद अहिरवार ने अपने प्राणों का बलिदान किया था। पिछले अनेक वर्षों से निराला साहित्य जनकल्याण समिति विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है।

नगर परिषद द्वारा 6 जनवरी को नगर गौरव दिवस मनाते हुए आज मंगलवार को शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ शहीदों के परिजनों का सम्मान शहीद स्तंभ पार्क में आयोजित कार्यक्रम में किया जाएगा।

15 अगस्त 1947 को भारत तो स्वतंत्र हो गया परंतु भोपाल के नवाब हमीदुल्लाह खान




ने षड़यंत्र कर भोपाल रियासत को भारतीय संघ में विलय ना होने दिया।

भोपाल रियासत की तत्कालीन साढे आठ लाख जनता द्वारा आंदोलन शुरू किया गया जिसमें पहले प्राणों की आहुति बरेली के बड़ा बाजार में दो युवाओं ने अपनी जान देकर दी। बरेली की चिंगारी निकटवर्ती तहसील उदयपुरा पहुंची जहां 14 जनवरी 49 को मकर संक्रांति को नर्मदा तट पर लगे मेला में सभा के दौरान हाथों में तिरंगा झंडा लिए चार युवा राजपूतो ने सीने पर गोलियां खाते हुए अपने प्राणों का बलिदान दिया। बिलीनीकरण आंदोलन इन दो बलिदानी घटनाओं के कारण सफल हुआ और 1 जून 1949 को भोपाल रियासत का भारतीय संघ में विलय होने के साथ नवाबी शासन से मुक्ति मिल गई।

बिलीनीकरण आंदोलन के दौरान हुए लाठीचार्ज में सैकड़ो लोग घायल हुए और भारी संख्या में लोगों को भोपाल नवाब की पुलिस ने कर्फ्यू लगाकर जेल में बंद कर दिया। जेल यात्रा करने वाले टाउन एरिया के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय मन्नालाल बिदुआ, स्वर्गीय रतनलाल नाहर, स्व. बाबूलाल नाहर, स्वर्गीय युद्ध वीर सिंह चौधरी, स्वर्गीय अवध नारायण रावत सहित अन्य अनगिनत लोग रहे।

**आज नगर गौरव दिवस**

6 जनवरी 1949 को हुए लाठी चार्ज में दो युवा शहीद होने से 6 जनवरी को नगर गौरव दिवस मनाया जा रहा है। निराला समिति द्वारा 6 जनवरी को संगठन अनेक वर्षों से कार्यक्रम आयोजित कर शहीदों को श्रद्धांजलि और परिजनों का सम्मान किया जाता है। नगर परिषद द्वारा भी नगर गौरव दिवस आज 6 जनवरी को शहीद स्मारक बाल विहार में कार्यक्रम आयोजित कर श्रद्धांजलि सभा के साथ शहीदों स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का सम्मान किया जाएगा। आज नगर की शिक्षण संस्थानों में भी प्रातः स्कूल लगाते समय शहीदों को श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# सिविल अस्पताल में सोनोग्राफी फिजियोथैरेपी की मिलेगी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ ▸▸बरेली

**» स्वास्थ्य राज्यमंत्री पटेल ने किया शुभारंभ**

नर्मदा क्षेत्र के सरकारी सिविल अस्पताल में सोनोग्राफी की सुविधा न होने से मरीजों को अन्य स्थानों पर सोनोग्राफी कराने धन खर्च करने के साथ परेशान होना पड़ता था। रविवार को क्षेत्र के विधायक और प्रदेश के स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल द्वारा सोनोग्राफी और फिजियोथैरेपी केंद्र का शुभारंभ किया गया।

सिविल अस्पताल में बरसों से सोनोग्राफी की मशीन थी परंतु उनका संचालन करने विशेषज्ञ डॉक्टर ना होने से सोनोग्राफी नहीं हो पा रही थी। सिविल अस्पताल के दो डॉक्टरों ने सोनोग्राफी का प्रशिक्षण लिया है।

अब सिविल अस्पताल में सोनोग्राफी की सुविधा मिलने के साथ ही फिजियोथैरेपी की भी सुविधा मिलना शुरू हो जाने से मरीज महिलाओं को अन्य स्थानों पर नहीं भटकना पड़ेगा। फिजियोथेरेपी की सुविधा शुरू होने से कमर घुटनों कंधों के दर्द के उपचार में भी मदद मिलेगी।



सोनोग्राफी शुरुआत के अवसर पर बीएमओ डॉक्टर हेमंत यादव अन्य डॉक्टरों के साथ स्वास्थ्य विभाग सिविल अस्पताल के स्टाफ की उपस्थिति रही।

### रायसेन में ग्रामीण यांत्रिकी विभाग का कार्यालय बदहाली का शिकार

# टूटे कांच, छत से गिरती कंक्रीट और गंदगी के बीच काम करने को मजबूर कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिले के ग्रामीण यांत्रिकी विभाग (आरईएस) का कार्यालय इन दिनों बदहाली की तस्वीर पेश कर रहा है। भवन की खिड़कियों के कांच टूटे पड़े हैं। वहीं छत से कंक्रीट के टुकड़े मलबा गिरने का खतरा बना हुआ है। आरईएस कार्यालय कंडम और दफ्तर परिसर की जर्जर हालत न केवल कर्मचारियों बल्कि आने वाले ग्रामीणों के लिए भी परेशानी बना है।

ग्रामीण यांत्रिकीय विभाग भवन के अंदर और बाहर जगह-जगह कचरा फैला हुआ है। दीवारों पर पान और गुटखा थूकने से लाल-पीले दाग साफ नजर आते हैं। इससे साफ-सफाई व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। विभागीय कार्यालय होने के बावजूद नियमित सफाई और रखरखाव की कोई ठोस व्यवस्था नजर नहीं आ रही।






#### कर्मचारियों में डर का माहौल

कर्मचारियों का कहना है कि बरसात के मौसम में छत से पानी टपकता है और कई जगहों से प्लास्टर गिर चुका है। बारिश भर दीवाले शीलन भरी रहती हैं। इससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है, लेकिन इस ओर जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे।

#### आहिस्ता-आहिस्ता खंडहर में तब्दील होता जा रहा भवन

जिला मुख्यालय स्थित ग्रामीण यांत्रिकी विभाग इन दिनों अव्यवस्थाओं के साए में है। छत से गिरते प्लास्टर का मलवा व शीलन भरी दिवालें और गुटखा-पान की लाल पीली पीक की निशानियां विभाग की अब पहचान बन चुकी है। जहां एक ओर सारे देश में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है, वहीं इस विभाग में स्वच्छता का मजाक उड़ रहा है।

दरअसल आरईएस विभाग की मरम्मत सालों से नहीं कराई गई है जिससे भवन आहिस्ता-आहिस्ता खंडहर में तब्दील होता जा रहा है। शुरुआती दौर में इस विभाग की रंगत देखते ही बनती थी। हाल ही के दिनों में आरईएस विभाग के खिड़कियों के कांच टूटे-फूटे पड़े हैं, छत से प्लास्टर आदि का मलवा तेजी गिर रहा है तो कहीं दीवालों से प्लास्टर गिर रहा है। जिससे विभाग के अधिकारी-कर्मचारी खतरे के साए में कामकाज करने को मजबूर हैं। जिसे देखकर सहज की अंदाजा लगाया जा सकता है कि इस भवन को रिपेयरिंग की आवश्यकता है।

विभाग के भवन में बनी लैब के कमरे में रखें पुराने कबाड़ और यहां फैले मकड़ियों के जाल को देखने से ऐसा लगता है कि सालों से यहां की साफ सफाई नहीं कराई गई है।

#### ग्रामीणों को हो रही परेशानी

ग्रामीण क्षेत्रों से अपनी समस्याएं लेकर आने वाले लोगों को भी गंदगी और अव्यवस्था के बीच घंटों बैठना पड़ता है। लोगों का कहना है कि जब विभागीय कार्यालय की यह हालत है तो ग्रामीण विकास कार्यों की गुणवत्ता का अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है।

#### प्रशासन की अनदेखी...

लोगों का आरोप है कि कई बार शिकायत के बावजूद आरईएस भवन की मरम्मत, सफाई और पुताई को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए। अब देखना होगा कि विभागीय अधिकारी इस बदहाली पर कब संज्ञान लेते है।

#### व्यवस्था बनाएंगे

आरआईएस विभाग की अच्छी व्यवस्था बनाई जाएगी। जल्द ही बजट आने पर बिल्डिंग में मेंटेनेंस के साथ भवन में रंग रोगन भी कराया जाएगा।

**- शरद कुमार तंतुवाय,**
आरईएस विभाग रायसेन।

# सेवा भारती का किशोरी विकास व्यक्तित्व शिविर हुआ आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन



शहर के वार्ड 1 और 2 में सेवा भारती और शिवगोमती जनकल्याण समिति के संयुक्त तत्वावधान में किशोरी विकास व्यक्तित्व शिविर का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य किशोरियों में आत्मविश्वास, स्वावलंबन और सामाजिक चेतना को मजबूत करना है। शिविर में प्रांत महिला समन्वय, मध्यभारत प्रांत एवं समाजसेविका सुश्री शशि ठाकुर मुख्य वक्ता ने अपने संबोधन में कहा कि आज समाज के हर क्षेत्र में बेटियां अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं। स्वच्छता, स्वास्थ्य और नैतिक मूल्यों को जीवन का आधार बताते हुए उन्होंने किशोरियों से आत्मअनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया।

प्रांतीय उपाध्यक्ष सेवा भारती मध्य भारत प्रांत डॉ श्रीमती किरण शेजवार ने किशोरियों का मार्गदर्शन करते हुए कहा शिक्षा के साथ-साथ संस्कार और आत्मबल ही व्यक्तित्व निर्माण की असली पूंजी है।

इस दौरान मीनल शेजवार, पार्षद राजकुमारी शाक्य, रजनी कुशवाहा, रंजीत धुर्वे सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

# मारुति वैन में लगी आग फायर ब्रिगेड ने पाया काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गैरतगंज



नगर के वार्ड नंबर 2 में एक खड़ी हुई मारुति वैन में अचानक से आग की लपटे उठने लगी। हालांकि आगजनी में कोई जनहानि नहीं हुई। मौके पर पहुंची नगर परिषद की फायर ब्रिगेड ने आग पर पानी डालकर बड़ी मशक्कत के बाद काबू पाया। वहीं सूचना मिलने पर थाना प्रभारी भी मौके पर पहुंचे गए।

# नगर के चिंतामन चौराहा पर युवा कांग्रेस ने मंत्री कैलाश का पुतला दहन कर किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

रविवार को नगर के चिंतामन चौराहा पर युवा कांग्रेस ने नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया। दूषित पानी से हुई मौतों और एक पत्रकार के साथ कथित बदसलूकी के विरोध में कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए मंत्री से इस्तीफे की मांग की।



प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के विरोध में नारे लगाए और मंत्री से तत्काल इस्तीफे की मांग की। युवा कांग्रेस अध्यक्ष राहुल ठाकुर ने कहा कि मंत्री कैलाश के विधानसभा क्षेत्र के भागीरथपुरा में दूषित पानी पीने से लोगों की मौत हुई है। घटना के बाद जब एक पत्रकार ने मंत्री से सवाल पूछे तो पत्रकार के साथ अभद्र व्यवहार करने और आपत्तिजनक शब्दों के प्रयोग का आरोप लगाया गया।

इस दौरान चौराह पर भारी संख्या में पुलिस बल भी तैनात रहा। विरोध प्रदर्शन में ब्लॉक अध्यक्ष आसिम खान, युवा अध्यक्ष राहुल ठाकुर, शेख मुजीब, अमित साहू, रिजवान मंसूरी, अभिषेक प्रताप, जीतू ठाकुर, तरुण पाल, नवीन पाल, प्रियांशु पटेल उपस्थित रहे।

#### पुलिस ने फायर ब्रिगेड से पानी डालकर बुझाई पुतले की आग

# कांग्रेस का घंटा बजाकर मंत्री विजयवर्गीय के पुतला जलाने का प्रयास रहा असफल

#### » मंत्री के बयान पर कांग्रेसियों ने किया विरोध प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

सोमवार को शाम करीब 4 बजे युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इंदौर में दूषित पानी पीने से हुई मौतों एवं नगरीय निकाय मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा दिए बयान पर विरोध जताते हुए प्रदर्शन किया एवं मंत्री कैलाश का पुतला दहन का प्रयास किया।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शहर के सागर-भोपाल तिराहे पर विरोध प्रदर्शन करते हुए कहा कि मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा पत्रकार से पूछे गए सवाल पर 'घंटा' शब्द के इस्तेमाल करना निंदनीय है। उन्होंने घंटा बजाकर अपना विरोध दर्ज कराया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि इंदौर में दूषित पानी से हुई 17 मौतों के बाद युवा कांग्रेस चुप नहीं बैठेगा। उन्होंने लगातार प्रदर्शन जारी रखने की बात कही और बताया कि आने वाले दिनों में भोपाल में भी युवा कांग्रेस द्वारा एक बड़ा प्रदर्शन किया जाएगा।

विरोध प्रदर्शन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का पुतला दहन करने का किया प्रयास किया, तो मौके पर मौजूद पुलिस अमले ने जलते हुए पुतले को कांग्रेसियों से छीन प्रयास किया, लेकिन कार्यकर्ता पुतले को लेकर भागने लगे जिसके बाद फायर बिग्रेड से पुतले और कांग्रसियों पर पानी की बौछार कर पुतले की आग को बुझाया। पुलिस ने बाद में आधा जला पुतला कार्यकर्ताओं से छीन लिया।

## स्कूलों में 7 तक रहेगा शीतकालीन अवकाश

**रायसेन।** जिले में कड़ाके की ठंड के कलेक्टर के आदेश से शीतकालीन अवकाश 7 जनवरी तक बढ़ा दिया है। सभी स्कूल अब 8 जनवरी को खुलेंगे। जिला शिक्षा अधिकारी डीडी रजक और डीपीसी पीके रैकवार ने बताया कि शीतकालीन अवकाश में 3 दिन की बढ़ोतरी कर दी गई है।

## ठेकेदार की लापरवाही के चलते खाई में गिरा ट्रक

**रायसेन।** थाना कोतवाली के तहत सोमवार को सुबह भोपाल रोड़ पर सेंडोरा पुलिस चौकी के समीप एक ट्रक अचानक खाई में पलट गया। संयोग से कोई जनहानि नहीं हुई। फोरलेन मार्ग का निर्माण कर रही वीआरसी सड़क कंपनी द्वारा बरती लापरवाही के चलते यह हादसा हुआ। बताया जाता है कि बनाए गए डायवर्सन मार्ग पर मिट्टी फैली हुई थी, जिससे ट्रक का संतुलन बिगड़ गया और ट्रक अनियंत्रित होकर खाई में जा पलटा।

### टीएल बैठक : कलेक्टर ने की सीएम हेल्पलाईन की समीक्षा

# सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों का संतोषजनक हल नहीं करने पर डीईओ को नोटिस देने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

स्कूल शिक्षा विभाग की सीएम हेल्पलाईन शिकायतों की निराकरण गति धीमी होने पर कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा ने घोर नाराजगी जताई। कलेक्टर ने स्कूल शिक्षा विभाग की सीएम हेल्पलाईन शिकायतों और उनके निराकरण संबंधी दर्ज जबावों का अवलोकन किया। अनेक शिकायतों में निराकरण की उचित कार्रवाई नहीं करने तथा जबाव भी संतोषजनक नहीं होने पर डीईओ डीडी रजक को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

साथ ही डीईओ को सीएम हेल्पलाईन शिकायतों के निराकरण के प्रति गंभीरता दिखाते हुए संतुष्टिपूर्ण और अंतिम निराकरण करने के लिए निर्देशित किया। साथ ही सीएम हेल्पलाईन शिकायतों के निराकरण में एल-1 और एल-2 स्तर से बरती जा रहीं लापरवाही के संबंध में एल-3 और एल-4 अधिकारी को पत्र लिखने कहा।

#### कलेक्टर ने स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा शिकायतों के निराकरण की धीमी गति पर जताई नाराजगी




सोमवार को कलेक्ट्रेट में हुई टीएल बैठक में कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाईन, विभागीय गतिविधियों और योजनाओं की साप्ताहिक प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।

कलेक्टर ने विभागवार और अधिकारीवार शिकायतों और उनके निराकरण की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को प्राथमिकता के साथ सीएम हेल्पलाईन का संतुष्टिपूर्ण निराकरण कराने निर्देश दिए। साथ ही 50 दिन से अधिक समयावधि वाली शिकायतों को शीघ्र निराकरण करने निर्देशित किया।

#### कलेक्टर ने कहा - लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के प्रस्ताव बनाकर भेजे

स्वास्थ्य विभाग की सीएम हेल्पलाईन शिकायतों व निराकरण की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने संतोषजनक प्रगति नहीं होने पर सीएमएचओ को गंभीरता के साथ सीएम हेल्पलाईन का निराकरण करने के निर्देश देते हुए निराकरण में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के प्रस्ताव बनाकर भेजने के लिए कहा। इसी प्रकार राजस्व, महिला बाल विकास, नगरीय प्रशासन सहित विभिन्न विभागों की सीएम हेल्पलाईन शिकायतों के निराकरण की समीक्षा करते हुए निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए।

# हिंदू सम्मेलन की तैयारियों को लेकर नगर में निकाली विशाल वाहन रैली

### 11 जनवरी को होने वाले सकल हिंदू सम्मेलन के लिए किया जनजागरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर देशभर में सकल हिंदू सम्मेलनों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में सिलवानी नगर में आगामी 11 जनवरी को आयोजित होने वाले हिंदू सम्मेलन को लेकर व्यापक स्तर पर तैयारियां चल रही हैं। सम्मेलन की सफलता एवं जनभागीदारी के उद्देश्य से सोमवार को नगर में एक भव्य वाहन रैली का आयोजन किया।

इस वाहन रैली में बड़ी संख्या में दोपहिया एवं चार पहिया वाहन शामिल हुए। रैली का शुभारंभ सांदीपनि विद्यालय के खेल मैदान से किया। इसके पश्चात रैली शिवाजी नगर, तहसील तिराहा, पंडितपुरा, बुधवारा बाजार, कुशवाहा धर्मशाला, बजरंग चौराहा सहित नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी और पुनः प्रारंभिक स्थल पर पहुंचकर संपन्न हुई। रैली में शामिल युवाओं और कार्यकर्ताओं ने अपने वाहनों पर भगवा ध्वज लहराते हुए जय श्रीराम, भारत माता की जय के गगनभेदी जयकारे लगाए। साथ ही वे नगरवासियों से 11 जनवरी को हिंदू सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आग्रह करते नजर आए।

आयोजकों ने बताया कि हिंदू सम्मेलन का उद्देश्य समाज में एकता, सांस्कृतिक चेतना और राष्ट्रप्रेम की भावना को सुदृढ़ करना है। कार्यक्रम की सफलता को लेकर हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता लगातार जन संपर्क अभियान चला रहे हैं।

# कड़ाके की ठंड का असर, दो दिनों से दोपहर बाद ही निकल रही धूप

#### कड़ाके की ठंड से बचाव करने लोग अलाव और गर्म कपड़ों का ले रहे सहारा, शीतलहर का भी बना प्रकोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज।

क्षेत्र में बीते दो दिनों से ठंड ने अपना रौद्र रूप दिखाना शुरू कर दिया है। सुबह से लेकर दोपहर तक घना कोहरा और शीतलहर के कारण सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहता है। दोपहर के बाद कुछ देर के लिए धूप जरूर निकल रही है, लेकिन शाम ढलते ही ठंड फिर से बढ़ जाती है।



कड़ाके की ठंड के चलते ग्रामीणों का जन-जीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। लोग जरूरी काम निपटाकर जल्दी ही घरों में दुबक जा रहे हैं। बच्चे, बुजुर्ग और बीमार सबसे ज्यादा परेशान नजर आ रहे हैं। अलाव का सहारा लेकर लोग ठंड से बचाव कर रहे हैं।

ठंड के कारण बाजारों में भी शाम के समय रौनक कम हो गई है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि ठंड का यह प्रकोप ऐसे ही जारी रहा तो आने वाले दिनों में परेशानियां और बढ़ सकती हैं।

### क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन, खेल के साथ समाजसेवा की मिसाल

# नेत्र व स्वास्थ्य शिविर में 100 से अधिक मरीजों की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

आदिवासी अंचल के ग्राम शालाबर्रू में अमर शहीद शंकर शाह-रघुनाथ शाह समिति, शालाबर्रू के तत्वाधान में आयोजित टेनिस क्रिकेट प्रतियोगिता (सीजन 6) का भव्य एवं गरिमामय समापन समारोह सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता ने न केवल खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान किया, बल्कि सामाजिक जागरूकता और सेवा का भी सशक्त संदेश दिया।

समापन अवसर पर खेले गए फाइनल मुकाबले में भंवरगढ़ (जिला रायसेन) और केसली (जिला सागर) की टीमों के बीच अत्यंत रोमांचक एवं संघर्षपूर्ण मैच खेला गया। दोनों टीमों के शानदार प्रदर्शन ने दर्शकों को रोमांच से भर दिया। अंततः केसली टीम ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया। इस आयोजन को देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, खेल प्रेमी एवं दर्शक उपस्थित रहे।




कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संभागीय अध्यक्ष प्रहलाद सिंह (गोंड समाज महासभा) सागर रहे। जिन्होंने खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते हुए खेलों को युवाओं के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम बताया। विशेष अतिथियों में उत्कृष्ट छात्रावास अधीक्षक बैजनाथ इवने, शिक्षक प्रहलाद सिंह उइके, महेश पोर्ते, दुर्गाप्रसाद लोधी, भाजपा मंडल अध्यक्ष पप्पू ठाकुर सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी शामिल रहे।

समापन समारोह पर समिति के संरक्षक घनश्याम सिंह मर्सकोले एवं प्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अंजना सिंह मर्सकोले के नेतृत्व में निःशुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन भी किया। शिविर में लगभग 100 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया, जिसमें क्षेत्र के लोगों ने बड़ी संख्या में लाभ लिया। जांच के दौरान 14 मरीजों को मोतियाबिंद एवं अन्य नेत्र रोगों के उपचार के लिए सुखसागर मेडिकल कॉलेज, जबलपुर रेफर किया।

समिति के संरक्षक घनश्याम सिंह मर्सकोले ने जानकारी देते हुए बताया कि बीते 6 वर्षों से इस खेल प्रतियोगिता के साथ निरंतर निःशुल्क चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। उनका उद्देश्य खेलों के माध्यम से युवाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना, नशामुक्ति का संदेश देना तथा समाज में सकारात्मक जीवन मूल्यों को बढ़ावा देना है। इस सराहनीय पहल की उपस्थित जनसमुदाय एवं अतिथियों ने मुक्त कंठ से प्रशंसा की और समिति के सामाजिक प्रयासों को आदर्श बताया। कार्यक्रम के अंत में विजेता एवं उपविजेता टीमों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। जिससे खिलाड़ियों का उत्साह और अधिक बढ़ा।